# कुरवाई में एसएच-14 बना दुर्घटना मार्ग

**खास बातें**

- डंपरों की पार्किंग ने स्थिति को बनाया और खतरनाक
- सड़क पर मनमानी पार्किंग बनी सबसे बड़ी वजह



नवभारत न्यूज

**कुरवाई 27 फरवरी,शहर में एसएच-14 पर यातायात व्यवस्था के बिगड़ने की मुख्य और सबसे गंभीर समस्या सड़क पर कहीं भी वाहन खड़ा कर देना बन चुकी है. अतिक्रमण, जाम और दुर्घटनाओं की जड़ में यही लापरवाही सबसे बड़ा कारण है.कुरवाई में सांदीपनि विद्यालय से लेकर बीना तिराहा एसडीएम बंगला और वहां से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक पूरा हाईवे मार्ग अव्यवस्थित पार्किंग के कारण संकरा और खतरनाक हो गया है.**

हाईवे होने के बावजूद लोग अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क पर कहीं भी खड़े कर चलते बनते हैं.चाय की दुकानों, पंचर की दुकानों, सीमेंट-लोहा दुकानों, शराब दुकान और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने वाहन इस तरह खड़े कर दिए जाते हैं कि सड़क की आधी चौड़ाई खत्म हो जाती है.न तो पार्किंग की कोई तय जगह का पालन किया जा रहा है और न ही किसी को यह चिंता रहती है कि उनके खड़े किए वाहन से बाकी लोगों को कितनी परेशानी होगी.यही कारण है कि थोड़ी-सी भी भीड़ होते ही लंबा जाम लग जाता है.सड़क किनारे अचानक खड़े वाहनों के कारण चलती गाड़ियों को बार-बार ब्रेक लगाना पड़ता है या गलत दिशा में मोड़ना पड़ता है. पीछे से आने वाले वाहन को अंदाजा नहीं होता और टक्कर की स्थिति बन जाती है.पैदल चलने वाले लोग भी खड़े वाहनों के कारण मजबूरी में बीच सड़क से निकलते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन टकराने से बाल-बाल बचे हैं, लेकिन किसी दिन बड़ा हादसा होना तय है.

सबसे ज्यादा खतरा भारी डंपरों से है. डंपर चालक अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर बेफिक्र हो जाते हैं. रात के समय ये डंपर साफ दिखाई नहीं देते, जिससे तेज रफ्तार वाहन सीधे उनसे टकरा सकते हैं. यह स्थिति खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है.इसी मार्ग पर स्थित शराब दुकान के सामने हालात और भी गंभीर हो जाते हैं. यहां दिनभर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है. लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं और कई बार नशे की हालत में लापरवाही से सड़क पार करते हैं या वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है.

## टोल कंपनी टीसीआईएल और प्रशासन की निष्क्रियता

इस पूरे मामले में टीसीआईएल टोल कंपनी और स्थानीय प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है. टोल वसूली तो लगातार हो रही है, लेकिन गलत और अवैध पार्किंग पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही.यदि नियमित निगरानी, चालानी कार्रवाई और वाहन हटाने की व्यवस्था की जाए, तो स्थिति काफी हद तक सुधर सकती है, लेकिन फिलहाल जिम्मेदार एजेंसियां आंख मूंदे बैठी नजर आ रही हैं.यह मार्ग स्कूलों, बाजार और रिहायशी इलाकों से होकर गुजरता है. स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सड़क पार करते समय हर पल डर के साये में रहते हैं. जाम के कारण एंबुलेंस जैसी आपात सेवाओं के फंसने का खतरा भी लगातार बना हुआ है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सड़क पर कहीं भी वाहन खड़ा करने की प्रवृत्ति पर सख्ती से रोक लगाई जाए, अवैध पार्किंग पर जुर्माना और वाहनों की जब्ती की कार्रवाई हो, डंपरों और दुकानों के लिए अलग पार्किंग तय की जाए, तो एसएच-14 पर हालात सुधर सकते हैं.अब देखना यह है कि प्रशासन और टोल कंपनी किसी बड़े हादसे के बाद हरकत में आते हैं या फिर समय रहते कार्रवाई कर जनता की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं.

# एसपी ने देर रात थानों का किया औचक निरीक्षण

**होली, ईद से पूर्व थानों की व्यवस्थाओं की समीक्षा**

**पेट्रोलिंग, साफ-सफाई व डायल 112 स्टाफ को लेकर दिये निर्देश**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 27 फरवरी, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने गुरुवार को देर रात्रि में थाना सिरोंज, लटेरी एवं आनंदपुर का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानों की व्यवस्थाओं, अभिलेखों, लंबित प्रकरणों एवं रात्रि गश्त व्यवस्था की गहन समीक्षा की.**

आगामी त्यौहारों होली, रंगपंचमी, ईद, रमजान एवं नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए. उन्होंने विशेष रूप से चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त एवं पेट्रोलिंग को प्रभावी एवं सतत रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी, कर्मचारी मुस्तैदी के साथ अपने-अपने बीट क्षेत्रों में भ्रमण करें तथा संवेदनशील स्थलों पर नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें. डायल-112 वाहनों में पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता, त्वरित रिस्पॉन्स एवं सतत निगरानी बनाये रखने पर भी विशेष जोर दिया. इसके अतिरिक्त थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण एवं शस्त्र-गोला-बारूद की जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी. इस दौरान संबंधित थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.

### गेहूं उपार्जन पंजीयन 7 मार्च तक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रबी विपणन गेहूं, चना एवं मसूर के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जिले में निरंतर जारी है113 सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर नि:शुल्क पंजीयन किया जा रहा है, 7 मार्च तक किसान पंजीयन करा सकते हैं.

## श्री वस्त्र व्यापार संघ का सम्मान समारोह, व्यापक सम्मेलन कल

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** श्री वस्त्र व्यापार संघ सिरोंज की स्थापना के 51 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थापना का स्वर्ण जयंती महोत्सव मना रहा है. जानकारी के अनुसार इस मौके पर संगठन के संस्थापक सदस्यों का सम्मान समारोह एवं व्यापक सम्मेलन का आयोजन 1 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे से माधव फार्म हाउस लटेरी आरोन बाईपास रोड सिरोंज पर किया जा रहा है.

**एक नजर में**

### नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा थाना मुगलसराय जिला विदिशा में दर्ज एक अपराध के फरार आरोपी देवेन्द्र पुत्र विशनदास त्यागी, संतोष पुत्र नारानदास त्यागी और राधारमण पुत्र देवेन्द्र त्यागी निवासीगण ग्राम रूसल्ला अभयराज थाना मुगलसराय जिला विदिशा की सूचना देने वालो को एक-एक हजार प्रत्येक पर रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है. सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जावेगा.

### गायत्री परिवार की गोष्ठी में हुआ पुनर्गठन

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा कुरवाई में गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें कुरवाई समिति का पुनर्गठन भी किया गया.इस मौके पर जिला समन्वयक मुकेश तिवारी व वहन अम्बिका सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी ने मांर्गदर्शन दिया. नवगठित समिति अशोक राठौड़ को पुन:तहसील समन्वयक व कार्य समिति पदाधिकारी गण में रामस्वरूप शर्मा, मंजू यादव, हरिवल्लव श्रीवास्तव, प्राण सिंह अहिरवार, फूल सिंह कुर्मी, ओमकार शर्मा, रामबाबू श्रीवास्तव, रघुबरदयाल साहू, सुभाष शर्मा को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गये.



## बसंत की रंगीन छटा, टेसू की सुंदरता

नवभारत न्यूज

**पठारी,** बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही पूरा क्षेत्र बासंती रंग में रंग गया है. आम के पेड़ों पर बौर आने से वातावरण सुगंधित हो गया है और भंवरे पेड़ों के चारों ओर मंडराते दिखाई दे रहे हैं.क्षेत्र मै बेरी के पेड़ों पर खट्टे-मीठे बेर पके हैं, जो खेतों, और सड़कों के किनारे लगे लाल-भूरे बेर और टेसू, सेमल, गुलमोहर के खिले फूल चारों ओर रंग-बिरंगा वातावरण बना रहे हैं. दूर-दूर तक फैली यह छटा बसंत की सुंदरता को और निखार रही है खेतों में खड़ी रबी फसलें अपने पूरे यौवन पर हैं और चारों ओर हरियाली, नई कोपलें और फूलों की बहार मनोहारी दृश्य प्रस्तुत कर रही हैं. लोग इस प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए आसपास के स्थलों और तीर्थ स्थानों की ओर नागरिक टहलने के लिए सुबह शाम निकलते हैं इस समय बसंत अपने पूरे शबाब पर है, प्रकृति का यह अनुपम रूप लोगों के मन को मोह रहा है और हर कोई इसे निहारकर आनंदित हो रहा है.

## साढ़े पांच करोड़ की लागत से होगा निर्माण, हुआ भूमि पूजन

**विकास को मिलेगी रफ्तार, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,विधायक ने भूमि पूजन कार्यक्रम में साढ़े पांच करोड रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया.जिसमें हरदुखेड़ी रेल्वे फाटक से बेतौली डिपो तक और गंजबासौदा उदयपुर मुख्य मार्ग से हरिपुर खेरुआ तक सड़क निर्माण एवं ग्राम पंचायत पचमा भवन निर्माण का भूमि पूजन किया गया.**

गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने पूर्वी रेलवे कॉलोनी में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में साढ़े छः करोड रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया. 4 करोड 48 लाख रुपए की लागत से बहलोट चौकी पहुंच मार्ग हरदूखेड़ी रेलवे फाटक से त्योंदा रोड स्थित बतौली डिपो तक सड़क का निर्माण होगा. 23 लाख रुपए की लागत से गंजबासौदा बरेठ रोड मुख्य मार्ग से हरिपुर खेरुआ तक डामरीकरण किया जाएगा.साढ़े 37 लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत पचमा भवन का निर्माण किया जाएगा.विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि इन सड़कों से गंजबासौदा को गति मिलेगी.इन मार्गों से गंजबासौदा की जाम की स्थिति से निजात मिलेगी. लोगों ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक हरि सिंह रघुवंशी का आभार माना.इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री रघुवंशी, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, सरपंच रामनारायण मीणा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र मैना, चंद्रशेखर दुबे, रामबाबू यादव , रमाकांत मिश्रा, रूपेंद्र शर्मा एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे.

## भक्ति में धन नहीं भाव प्रधान होता है-डॉ.अमृता कणेश्वरी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** भक्ति के आनंद में डूबा पठार पुरा, श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन हुआ.नगर के वार्ड नंबर 17, पठार पुरा स्थित प्रसिद्ध भाटन माता मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आज श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ. कथा के सातवें और अंतिम दिन डॉ. अमृता करुणेश्वरी देवी ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया. कथा के मुख्य अंश सप्तम दिवस की कथा में श्रीदेवी जी ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और शुकदेव विदाई के मार्मिक प्रसंगों पर प्रकाश डाला. सुदामा चरित्र में कृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भक्ति में धन नहीं, भाव प्रधान होता है.जब सुदामा के प्रेम स्वरूप भेंट किए गए तंदुल चावल को प्रभु ने ग्रहण किया, तो पाण्डाल लाल की के जयकारों से गूँज उठा.

परीक्षित मोक्ष की कथा में श्रीदेवी जी ने समझाया कि भागवत कथा का श्रवण केवल मृत्यु के भय को दूर नहीं करता, बल्कि जीवन जीने की सही कला सिखाता है.विदाई की वेला में कथा की पूर्णाहूति पर भाटन माता मंदिर परिसर का वातावरण अत्यंत भावुक हो गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने नम आंखों से भागवत भगवान को विदाई दी. भंडारे के साथ हुई पूर्णाहूति कथा समापन के उपरांत महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नंबर 17 सहित गंजबासौदा के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया.आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने कतारबद्ध बैठकर प्रसादी ग्रहण की.श्रीमद्भागवत साक्षात कृष्ण का स्वरूप है. सात दिनों तक भाटन माता की इस पावन धरा पर जो ज्ञान की गंगा वहीं है, वह हम सभी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी.

## सेंट मैरी पीजी कॉलेज के 37 एनसीसी कैडेट बने आपदा मित्र

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** 17 फरवरी से 25 फरवरी तक आदर्श महाविद्यालय विदिशा में आपदा मित्र कैंप और सी ए टी सी कैंप का आयोजन किया गया.यह कैंप 14 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र एवं जिला होमगार्ड कमांडेट अधिकारी मयंक जैन के मार्गदर्शन में संचालित हुआ. जिसमें आपदा विभाग की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदाओं के निवारण संबंधी प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट को दिया गए. जिसमें प्रमुख रूप से सीपीआर, प्राथमिक चिकित्सा, बाढ़ से घिरे लोगों के बचाव के उपाय, फायर फाइटिंग डेमो.ऊंचाई से नीचे आने का तरीका, एवं विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी के माध्यम से आपदा से निपटने के गुर सिखाए गए.सेंट मैरी महाविद्यालय के संचालक फादर सिन्टो वर्गिस ने कहा कि आपदा



प्रबंधन का यह प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट को भविष्य में आने वाली आपदाओं से निपटने में कारगर सिद्ध होगा एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ रामानंद मिश्रा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में प्रशासन की ओर से एनसीसी कैडेट को आपदा किट का वितरण भी किया गया जिससे कि आपदा के समय पर किट का उपयोग करके लोगों की मदद की जा सकेगी इस कैप 14 एम पी बटालियन विदिशा के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैध, सूबेदार मेजर हृदयरंजन सर तथा मेजर मनीष छाछर, मेजर संजीव माथुर , कैप्टन रामानंद मिश्रा, कैप्टन निधि माथुर , लेफ्टिनेंट विनीता प्रजापति, लेफ्टिनेंट मुकेश आजाद के साथ एन सी सी कैडेट्स उपस्थित रहे.

## सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर बढ़ा विवाद

**निजी भूमि पर निर्माण का आरोप**

**26 फरवरी को नायब तहसीलदार व एसडीएम को सौंपी गई शिकायत**

नवभारत न्यूज

**सांची,** समीपवर्ती ग्राम पंचायत उचेर में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन को लेकर विवाद गहरा गया है. गांव की निवासी किरनबाई ने 26 फरवरी 2026 को नायब तहसीलदार सांची एवं एसडीएम रायसेन को लिखित शिकायत सौंपकर आरोप लगाया है कि पंचायत द्वारा उनकी निजी भूमि पर निर्माण कराया जा रहा है.जानकारी के अनुसार ग्राम उचेर में इन दिनों सड़क, नाली और सामुदायिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्य संचालित हैं। इसी क्रम में बनाए जा रहे सामुदायिक भवन को लेकर शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि उनकी निजी भूमि खसरा क्रमांक 6/2, रकबा 0.42 डिसमिल पर जेसीबी मशीन से खुदाई कर सड़क निकाली गई है तथा उसी भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आरोप है कि उक्त क्षेत्र में नाली की खुदाई भी कर दी गई है.किरनबाई ने सरपंच पर अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की धमकी देने का आरोप भी लगाया है.मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा ने नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी सांची को स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.



### क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबंध में नायब तहसीलदार ललित सक्सेना ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद स्थल निरीक्षण किया गया है तथा पंचायत को निर्माण हेतु शासकीय भूमि उपलब्ध कराई गई है.उनके अनुसार शिकायत निराधार है.वहीं ग्राम पंचायत उचेर के सरपंच अरविंद सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी की निजी भूमि पर निर्माण नहीं कराया गया है और सभी विकास कार्य शासकीय भूमि पर ही हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि यदि शिकायत असत्य पाई जाती है तो शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए.प्रशासनिक जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.अब सवाल यह है कि जांच में किसका दावा सही साबित होता है.

**बैठक** | **होली, रंगपंचमी, रमजान, ईद आदि त्यौहारों पर व्यवस्थाओं के संबंध हुई चर्चा**

# आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुधवार को संपन्न हुई. बैठक में आगामी होली, रंगपंचमी, रमजान, ईद आदि त्यौहारों पर व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई. बैठक में समिति सदस्यों द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए गए. इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर त्यौहारों को मनाने की बात कही. इस दौरान समिति सदस्यों ने त्यौहार पर शहर में होने वाले आयोजनों एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि शहर में रंगपंचमी पर जुलूस का आयोजन किया जाता है. उन्होंने होली, कलगी-तुर्रा एवं रंगपंचमी के महत्व एवं परंपराओं के बारे में बताया. इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर, थाना प्रभारी विमलेश राय सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं समिति सदस्य मौजूद थे.

### सांची में भी शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही.बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने कहा कि सांची नगर शांति और भाईचारे की पहचान है, और सभी नागरिकों का दायित्व है कि इस परंपरा को बनाए रखें.उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी.शराब दुकानों के निर्धारित समय के बाद अवैध बिक्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

थाना प्रभारी ने अपील की कि होली जैसे त्योहारों में किसी पर जबरन रंग न डाला जाए तथा छोटी-छोटी बातों को तूल न दिया जाए. किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया गया. उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन निरंतर सक्रिय रहेगा.इस अवसर पर नायब तहसीलदार ललित सक्सेना ने भी नागरिकों से अपील की कि सभी त्योहार आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाए जाएं.विशेष रूप से होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर बल दिया गया.नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि हम सभी एक परिवार की तरह हैं और त्योहार हमें एकता व भाईचारे का संदेश देते हैं.उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की.बैठक के दौरान उपस्थित नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.सांची की पहचान उसकी सामाजिक एकता है और यही एकता त्योहारों की असली ताकत भी है.

### बैंकों में हो रहे फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नागरिक सहकारी बैंक में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025, 26 के अंतर्गत विद्यार्थियों का अध्ययन भ्रमण शिक्षण प्रशिक्षण एवं उसका प्रचार प्रसार अध्ययन कार्यक्रम मनाया गया. जिला सहकारी संघ द्वारा कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों का अध्ययन भ्रमण संपन्न कराया गया.कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में महाविद्यालय की डॉक्टर आराधना कुमारी, सहायक प्राध्यापक लेखाकार अर्पित शर्मा अंकुर पिंगले एवं जिला सहकारी संघ के प्रबंधक ओपी श्रीवास्तव की भूमिका रही. बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परवेज फजलानी द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और बैंकिंग कार्य वित्तीय समावेशन एवं साइबर सिक्योरिटी एवं सिविल स्कोर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम में समस्त बैंक अधिकारी स्टाफ उपस्थित था सभी का आभार लेखा अधिकारी शिरीष जालोरी ने माना.

## बेंगलुरु और श्री हरिकोटा में विज्ञान संस्थाओं की होगी यात्रा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा के लिए सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया है. जबकि इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.विज्ञान प्रभारी प्रियंका अग्रवाल एवं डॉ. कमला चतुर्वेदी ने बताया कि पूरे विदिशा जिले से कुल 48 विद्यार्थियों का चयन किया गया है. यह यात्रा 20 से 27 अप्रेल के मध्य होना प्रस्तावित है.इस यात्रा में कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है. इस यात्रा का उद्देश्य छात्र छात्राओं में विज्ञान विषय के प्रति रुचि जागृत करना और ज्ञान विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है.कक्षा दसवी से अनुराग अहिरवार, मनीष विश्वकर्मा, मुस्कान अहिरवार कक्षा 11 वीं से अक्षत रघुवंशी और प्रशांत कुमार चौधरी को चुना गया है वहीं कक्षा 12 वीं से अरुण अहिरवार, भूमि सेन, गुरुप्रताप रघुवंशी, कुणाल चौधरी, महिमा राजपूत, निकिता यादव, प्रिंस जैन, शिखा लोधी, तान्या शर्मा, सानिध्य कद्रे का विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयन किया गया है.वहीं प्रतीक्षा सूची में दिशा यादव, अदिति यादव, सक्षम जाटव एवं चंचल सिंह को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है.संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, उप प्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, डॉ विजय जैन, डॉ अमर सिंह ठाकुर, केपीएस चौहान, दिनकर कद्रे, कुलेन्द्र श्रीवास्तव सहित शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी.